महत्वपूर्ण एवं खास

राज्य में एक दिन में 01 लाख 52 हजार से अधिक कोविड-19 वैक्सीन डोज लगाई गई

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में 23 जून को 01 लाख 52 हजार 525 लोगों को कोविड-19 वैक्सीन की डोज दी गई। इसके लिए राज्य में 3847 केंद्र बनाए गए थे। राज्य में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में अब तक 79लाख 67 हजार से अधिक कुल डोज लगाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल 23 जून को 18से 44आयु वर्ग के 1 लाख 21 हजार 74 लोगों को प्रथम डोज, 4960 को दूसरी डोज लगाई गई। 45 वर्ष से अधिक उम्र के 10235 लोगों को पहली डोज और 15164 लोगों को दूसरी डोज दी गई।

शराबी पति से तंग आकर नवविवाहिता ने लगाई थी छत से छलांग, 306 का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। शराबी पति की प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहिता ने छत से कूदकर जान दे दी थी। दरअसल मामला 2019 का है, जांच में पुलिस ने खुलासा किया है कि पुरानी बस्ती निवासी प्रशांत यदु 32 वर्ष शादी के बाद शराब पीकर अपनी पत्नी भूमिका यदु से मारपीट कर उसे शारीरिक और मानसिक प्रताडना देता था। भूमिका ने अपने परिजनों को यह बात बतायी थी। सामाजिक बैठक में समझाइश के बाद भी आरोपी अपनी पत्नी से मारपीट करता था। मारपीट और प्रताड़ना से तंग आकर भूमिका ने 11 दिसंबर 2019 का छत से कूद कर जान दे दी। पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने आरोपी शराबी पति प्रशान्त यदु के खिलाफ धारा 306 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

सड़क हादसे में बाईक सवार की मौत,अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम

रायपुर (आरएनएस)। सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो जाने की रिपोर्ट अभनपुर थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बजरंगपुर अभनपुर निवासी दानीराम साहू 55 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 23 जून को प्रार्थी का बेटा नागमणी साहू बाईक से काम करने गया था। रात 7.45 बजे जब वह काम करके वापस लौट रहा था तभी एनएच 43 बडे उरला चौक पेट्रोलपंप के सामने अभनपुर में किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाईक को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। जिसके चलते उसे गंभीर चोट लगने पर अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 279,304 ए के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

आत्मसमर्पित नक्सलियों का बनाया गया बैंक खाता व वोटर, आधार कार्ड

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के कटेकल्याण क्षेत्र के आत्मसमर्पित नक्सलियों को वोटर कार्ड, आधार कार्ड और बैंक खाता खोला गया। जिससे उन्हें भी राशन कार्ड एवं व्यवस्था के अन्य योजना का लाभ मिल सके। पिछले 01 महिने में 100 से अधिक नक्सलियों के पहचान पत्र बनवाए गए है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के पहल पर लोन वर्राटू घर वापस आइये अभियान के तहत आत्मसमर्पण कर चुके सभी नक्सलियों का सुझाव लिया जा रहा है, और प्रसाशन से प्रबंधन स्थापना करके उनके जीवन स्तर को सुधारने की कोशिश की जा रही है। गौरतलब है शासन के पुनर्वास योजना के सभी लाभ इसके बाद उन्हे दिलाएं जाएंगे। इसके साथ ही शासन की योजनाओं का भी लाभ आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिलने लगेगा।

विशेष अभियान में फरार 60 से अधिक आरोपियों को पकड़ने में मिली सफलता

» हत्या, दुष्कर्म, धोखाधड़ी जैसे गंभीर अपराधों के फरार आरोपी हुए गिरफ्तार



रायगढ़। गत सप्ताह पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड़, वारंटो की तामिली तथा गुंडा, निगरानी बदमाशों की चेकिंग के लिए ÷विशेष अभियान÷ चलाया गया था जिसके बेहतर परिणाम सामने आए हैं। अभियान के 7 दिनों में लंबे समय से फरार 170 से अधिक स्थायी वारंटियों को पकड़ा गया तथा 400 से अधिक संमंस/वारंटो की तामिली की गई है। इससे बड़ी सफलता लंबित मामलों में फरार आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को हासिल हुई है। अभियान दौरान 57 प्रकरणों में 68 फरार आरोपियों को पकड़ा गया है तथा सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत 220 गुंडा, निगरानी बदमाशों की जांच थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा कर उन्हें अपराधों से दूर रहने की हिदायत दी गई है।

गिरफ्तार फरार आरोपियों में काफी गंभीर मामलों में वांछित थे, प्रमुख गंभीर आरोपियों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

1) थाना घरघोड़ा के अप. क्र. 136/2021 धारा 147,148 302 आईपीसी के फरार आरोपी (01) जमुना प्रसाद राठिया पिता भूपदेव उम्र 35 (02)मुरली राठिया पिता यदु सिंग उम्र 43 (03)बेलार सिंह राठिया पिता स्व. फिरन सिंह उम्र 35 (04) वृंदा राठिया पिता केडू राम उम्र 27 एवं अन्य एक अपचारी बालक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों द्वारा परिवार की बालिका को भिक्षा लाल राठिया द्वारा बेवजह हत्या करने से आक्रोशित होकर भिक्षा लाल राठिया की हत्या किये थे।

2) थाना भूपदेवपुर के अप.क्र. 106/21 धारा 302, 201, 34 भादवि के फरार आरोपी चैतन राठिया पिता अवध राम राठिया उम्र 21 वर्ष सा0 अंजोरीपाली एवं लक्ष्मीप्रसाद राठिया पिता समारू राठिया उम्र 33 वर्ष सा0 केनाभांठा थाना खरसिया को गिरफ्तार किया गया। आरोपीगण अन्य दो आरोपियों के साथ झिंटीपाली में छेटेलाल सारथी की हत्या कर शव को छिपा दिये थे।

3) थाना कोसीर के अपराध क्र 187/20 धारा 384 ,34 भा.द.वि. 7(2) नागरिक संरक्षण अधिकार अधिनियम के मामले में 17 लोगों पर नामजद एफआईआर किया गया है, जिसमें एक आरोपी की मृत्यु हो चुकी है। प्रकरण में 08 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है, 8 आरोपी फरार थे। फरार आरोपियों में छः आरोपी गनपत साहू, मूलचंद लहरे, लक्ष्मी नारायण प्रजापति, भरत लाल यादव, धनीराम साहू, गजपति साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। जानकारी के अनुसार पंचायत चुनाव के प्रचार प्रसार के दौरान दिनांक 06.01.2020 को गांव के मनहरण यादव, अमृत साहू के साथ छेदुराम साहू का विवाद हुआ था। उसी विवाद को लेकर गांव में सामुहिक बैठक कर आवेदक छेदुराम साहू उनके परिवार एवं सहयोगियों को गांव के कुछ लोग जबरन भयादोहन करते हुए जबरन हुक्का पानी बंद कर दिये थे और सामुदाय में सम्मिलित करने के लिये रूपयों की मांग तथा नियम के उल्लंघन करने वालों को दंड देने का फरमान जारी किये थे।

4) थाना चक्रधरनगर के अप.क्र. 312/2021 धारा 376 भादवि के आरोपी सुशांत पोबिया करम सिंग पोबिया निवासी गढउमरिया चौकी जूटमिल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी चौकी जूटमिल क्षेत्र की युवती को शादी का प्रलोभन देकर रोज गार्डन के पास संबंध बनाया था, जिसके बाद युवती को डरा धमकाकर उसका शारीरिक शोषण कर रहा था।

5) छाल पुलिस की कार्रवाई में अप.क्र. 83/2021 धारा 376,506 भादवि के फरार आरोपी वनरक्षक यमकुमार राठिया गिरफ्तार।

6) धरमजयगढ पुलिस फरार आरोपी नरेश राठिया ग्राम ओंगना की पतासाजी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी अपनी पत्नी को प्रताडित कर आत्महत्या के करने के लिये उत्प्रेरित किया था। आरोपी पर अप.क्र. 93/2021 धारा 306 भादवि पंजीबद्ध किया गया था।

7) कोतवाली पुलिस अप.क्र. 526/2020 धारा 354 भादवि 8 पास्को एक्ट के फरार आरोपी को ओडिशा से गिरफ्तार कर लाया गया। आरोपी नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ के मामले में लंबे समय से फरार था।

इसके अलावा धोखाधड़ी, दुष्कर्म, छेड़खानी व कई गैर जमानती अपराधों के आरोपियों को अभियान दौरान गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। अभियान दौरान विशेषकर सभी थानाक्षेत्र अन्तर्गत गुंडा, निगरानी बदमाशों की जांच चलाई गई। कई बदमाशों के अभी भी जेल में निरूद्ध होने की जानकारी हासिल हुई है तथा जांच में मिले बदमाशों को समाज की मुख्यधारा से जुड़कर बेहतर जीवन यापन करने की समझाइश प्रभारियों द्वारा दी गई है।

पांच स्पेशल गाड़ियों में अतिरिक्त कोच की सुविधा

रायपुर (आरएनएस)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अंतर्गत रायपुर मंडल से होकर चलने वाली 05 जोड़ी स्पेशल गाड़ियों में एक-एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। दुर्ग- कानपुर एवं दुर्ग-उधमपुर स्पेशल ट्रेनों सहित अन्य गाड़ियों में अतिरिक्त कोच की सुविधा दी जा रही है।

रेल मंडल रायपुर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिन 05 गाड़ियों में अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दी जा रही है उनमें क्रमशः गाड़ी संख्या 08203/08204 दुर्ग कानपुर दुर्ग स्पेशल में 27 जून को, गाड़ी संख्या 08215 / 08216 दुर्ग-उधमपर- दुर्ग स्पेशल में दुर्ग से 30 जून को, गाड़ी संख्या 09209/09210 वलसाड-पुरी-वलसाड स्पेशल गाड़ी में एक अतिरिक्त स्लीपर

कोच की सुविधा वलसाड से 24 जून को तथा पुरी से 27 जून को दी जा रही है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 02905/02906 ओखा-हावड़ा-ओखा स्पेशल गाड़ी में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा ओखा से 27 जून को तथा हावड़ा से 29 जून को एवं गाड़ी संख्या 09205/09206 पोरबंदर-हावड़ा-पोरबंदर स्पेशल गाडी में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा पोरबंदर से 30 जून को तथा हावड़ा से 02 जुलाई को दी जा रही है।

कोरोना को हराने दिव्यांग नवयुवक ने लगवाया टीका

रायगढ़। कोरोना महामारी को हराने हर उम्र के लोग अब टीका लगवाने उत्साह व उमंग के साथ टीकाकरण केन्द्रों में पहुंचने लगे हैं। चाहे वह शारीरिक रूप से दिव्यांग ही क्यों न हो। कुछ ऐसा ही मामला देखने को मिला जनपद पंचायत बरमकेला के ग्राम पंचायत लेन्धरा में जहां एक नवयुवक जो शारीरिक दिव्यांग होने के वावजूद नजदीकी टीकाकरण केन्द्र पहुंचे और टीका लगवाकर देश में चल रहे कोरोना मुक्त अभियान में अपना योगदान दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी से बचाव के लिये हम सबको

जल्द से जल्द टीका लगवाना चाहिये। जबकि उसी गांव के अन्य लोग गलत अफवाह के चक्कर में टीका लगवाने के लिये डर रहे थे। वर्तमान में राज्य शासन द्वारा कोरोना से बचाव के लिये कोविड टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर भीम सिंह के नेतृत्व में टीकाकरण हेतु सरपंच श्रीमती रेखा पटेल, सचिव अश्वनी साव एवं अन्य टीम द्वारा बार-बार उस गांव में जाकर लोगों को समझाईश दे रहे थे, लेकिन उसके बावजूद भ्रामक जानकारी के चक्कर में गांव के लोग टीका नहीं लगवा रहे थे। जब उसी गांव के दिव्यांग नवयुवक ने स्वयं से आकर टीका लगवाया तो अन्य लोग जो टीका नहीं लगवा रहे थे वे भी स्वयं आकर टीका लगवाये। आज लगभग 100 व्यक्तियों ने टीका लगवाया और कहा कि कोरोना से बचने के लिये टीका लगाना आवश्यक है।

एआईजी श्रीवास्तव ने किया रायगढ़ फायर स्टेशन व बाढ़ आपदा क्षेत्र का निरीक्षण

» निरीक्षण दौरान रायगढ़ एसपी रहे मौजूद, बाढ़ आपदा एवं आपातकाल में सभी विभागों में सामंजस्य बनाकर कार्य करने की बताई अपनी तैयारियां

रायगढ़। दिनांक 24/06/2021 को सुबह सहायक पुलिस महानिरीक्षक मयंक श्रीवास्तव, निदेशक, ट्रेनिंग ऑपरेशन, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं, नगरसेना एवं नागरिक सुरक्षा मुख्यालय रायपुर द्वारा रायगढ़ चांदमारी स्थित नये फायर स्टेशन का निरीक्षण किया गया। एसपी रायगढ़ संतोष कुमार सिंह एवं जिला सेनानी/अग्निशमन अधिकारी ब्लॉसीयूस कुजूर तथा फायर स्टाफ की उपस्थित में उनके द्वारा फायर स्टेशन का निरीक्षण कर जिला सेनानी से जवानों की ट्रेनिंग के संबंध में जानकारी लेकर सभी जवानों को आवश्यक रूप से ट्रेनिंग कराने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण दौरान फायर स्टाफ द्वारा कई तरह के डेमो के साथ आयल फायर (आयल की आग) को बुझाकर दिखाया गया। एआईजी श्रीवास्तव द्वारा बाढ आपदा क्षेत्र सूरजगढ़ का भी निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष सिंह से आपदा प्रबंधन की तैयारियों पर चर्चा की गई। संतोष सिंह द्वारा जिला प्रशासन, नगरसेना, एसडीआरएफ के साथ बेहतर सामंजस्य रखकर आपदा से निपटने की अपनी तैयारियों की जानकारी उन्हें दी गई है। गत वर्ष बाढ के समय जिला प्रशासन, जिला पुलिस, नगरसेना, एसडीआरएफ व रायगढ़वासी एकजुट होकर महानदी के तटीय क्षेत्रों में आई भीषण बाढ़ पर ग्रामवासियों एवं उनके मवेशियों का बेहतर सुरक्षा प्रबंध किया गया था, जिससे जानमाल की हानि नहीं हुई थी। इसी दौरान रायगढ़ पुलिस द्वारा बाढ़ पीडितों को राहत पहुंचाने संवेदना मुहिम चलाई गई थी,जिसमें हजारों बाढ़ पीडितों को घर मरम्मत के साथ अन्य जीवनोपयोगी वस्तुएं आमजन के सहयोग से उपलब्ध कराया गया था।

चलती ट्रक में लगी आग, एक घंटे बाद बुझी

महासमुंद (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजमार्ग-53 ओवरब्रिज पर चलती ट्रक में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई । सूचना पर फायर बिग्रेड घटना स्थल पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन ट्रक के सामाने का हिस्सा पूरी तरह जलकर खाक हो गया । ट्रक खाली था रायपुर की ओर जा रहा था । जैसे ही आगजनी की जानकारी चालक को हुई उतरकर बुझाने का प्रयास किया और इसकी सूचना डायल 112 की दिया । पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक सीजी 13 एलए 1395 सरायपाली से रायपुर की ओर जा रहा था । रात 10 बजे तुमगांव ओवरब्रिज के पास पहुंचा कि चालक को आग लगने की जानकरी हुई । उसे ट्रक से उतर कर देखा तो सामने के हिस्से से धुआ निकल रहा था । शार्ट सर्किट होने की वजह से चलती ट्रक में आग लग गई थी । चालक ने आगजनी की सूचना डायल 112 की दी और अपने पास रखे पानी से बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग नहीं बुझ पाता, उसकी लपटे तेज हो गई । देखते ही देखते सामने के हिस्से में पूरी तरह आग पकड़ लिया । इधर, आगजनी की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने होमगार्ड को आग लगने की सूचना देकर फायर ब्रिगेड भेजने को कहां, जैसे ही फायर ब्रिगेड की टीम घटना स्थल पहुंची, करीब घंटेभर बाद आग पर काबू पा लिया गया । इस आगजनी से केवल ट्रक के सामने का हिस्सा ही जला ।

26 जून होगा खास, रायगढ़ जिले में 75 हजार लोगों को मिलेगा सुरक्षा कवच

» कोविड से बचाव के लिये चलेगा जिले में महा टीकाकरण अभियान

रायगढ़। जिले में जल्द से जल्द सभी लोगों को कोविड के खिलाफ सुरक्षा मिले इस लक्ष्य के साथ जिला प्रशासन कलेक्टर भीम सिंह के नेतृत्व में शनिवार 26 जून को एक महा टीकाकरण अभियान चलाने जा रहा है। इस दिन पूरे जिले में 75 हजार लोगों को टीका लगाया जायेगा। जिला प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इसी संबंध में कलेक्टर भीम सिंह ने सभी जिला अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ली।

कलेक्टर भीम सिंह ने कहा कि जिले को अगले एक माह में पूर्ण रूप से टीकाकृत करने की योजना है। जिसके तहत यह महा टीकाकरण अभियान चलाया जायेगा। इसका उद्देश्य एक ही दिन में 18 प्लस आयु वर्ग के 10 से 12 प्रतिशत आबादी को टीका लगाने का है। जिससे जिले में लोगों को कोरोना से संभावित तीसरी लहर से पहले रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने का पर्याप्त समय मिले। ज्ञात हो कि रायगढ़ जिला पूरे प्रदेश में टीकाकरण की शुरूआत से लेकर अब तक सभी आयु श्रेणी में शीर्ष पर रहा है। जिले में 18 प्लस आयु वर्ग के 40 प्रतिशत से अधिक आबादी को पहली खुराक दी जा चुकी है।

वहीं 45 प्लस आयु श्रेणी के लोगों का शत-प्रतिशत टीकाकरण भी पूर्ण हो चुका है। इस अभियान के जरिये जिले में टीकाकरण को न केवल और गति मिलेगी बल्कि टीकाकरण के संबंध में व्याप्त भ्रांतियों को दूर कर लोगों को जागरूक करने का अवसर प्राप्त होगा।

स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य सभी विभागों के जिला अधिकारियों से लेकर मैदानी अमले को महा टीकाकरण अभियान से जोड़ा जा रहा है। सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल अभियान के मॉनिटरिंग की कमान संभालेंगे व अंतर्विभागीय समन्वय सुनिश्चित करेंगे। इसके लिये जिले को स्वास्थ्य केन्द्रों के आधार पर सेक्टरों में बांटा गया है। जिसकी जिम्मेदारी जिला स्तरीय अधिकारियों को दी गई है। 8 विभिन्न विभागों के मैदानी अमले की ग्राम स्तर पर, लोगों को टीकाकरण के लिये प्रेरित करने व केन्द्रों तक लाने में सहयोग हेतु ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही एक हजार से अधिक वैक्सीनेटर (टीका लगाने वाले)स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की ड्यूटी भी लगाई जा रही है। अभियान के दिन टीकाकरण का कार्य सुबह 7 बजे से प्रारंभ कर दिया जायेगा। इस अभियान का लक्ष्य जिले के हर गांव तक पहुंचना और लोगों को टीका लगवाना है। कलेक्टर सिंह ने बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को उनको दी गई जिम्मेदारियों का पूरी गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिये। जिससे इस महत्वपूर्ण अभियान को सफलता पूर्वक संपन्न कर सकें।

कलेक्टर सिंह ने 18 प्लस आयु वर्ग के सभी ऐसे लोग जो टीका लगवाने के लिये पात्र है एवं अभी तक टीका नहीं लगवाये है उनसे अपील की है कि शनिवार 26 जून को अपने नजदीकी टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर टीका जरूर लगवायें।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480